तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 11 अप्रैल 2025

10 ज्योतिबा फुले पार्क में सबमर्सीबल पंप लगवाया



10 डिजिटल साक्षरता के प्रति जागरूक करने के लिए निकाला.....



## खबर संक्षेप

### जहर से संदिग्ध हालात में महिला की मौत

जींद। धनखड़ी में संदिग्ध हालात के चलते जहर से एक महिला की मौत हो गई। परिजनों ने मानसिक रूप से परेशान बताया है। उचाना थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। धनखड़ी निवासी जसमेर की पत्नी बबीता को जहर के प्रभाव से नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां से गंभीर हालात देख रोहतक रेफर कर दिया। जहां पर वीरवार को उपचार के दौरान मौत हो गई।

### आत्महत्या को मजबूर करने का आरोपी काबू

कैथल। साधु को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले की जांच थाना एसआई बहादुर सिंह की टीम ने करते आरोपी राजौंद निवासी गुरमीत को गिरफ्तार कर लिया गया। यूपी निवासी दीपक की शिकायत अनुसार वह अब जिला करनाल के काछवा में रहता है। बड़ा भाई निरंजन करीब 20 साल से अखिल भारतीय रविदास मंदिर फरल की गद्दी पर बैठा हुआ था।

### कुत्ते से कटवाने,मारपीट करने पर तीन नामजद

जींद। गांव ब्राह्मणवास माइनर के निकट राहगीर पर पालतु कुत्ता छोड़ने, मारपीट करने तथा हवाई फायर करने पर जुलाना थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। देवरड़ हाल आबाद जुलाना वार्ड 11 निवासी राजेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रात को कार्यक्रम में जानकार के घर गया था।

### ठगी करने के मामले में आरोपी एजेंट गिरफ्तार

कैथल। युरोप के स्थान पर आर्मीनिया भेजकर लाखों रुपए ठगी करने के मामले की जांच आर्थिक अपराध शाखा प्रभारी पीएसआई संदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई मनोज कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी जिला जींद के गांव तेली खेड़ा निवासी चंद्रशेखर को उसके गांव से काबू कर लिया गया।

### बस में महिला यात्री के बैग से आभूषण चोरी

जींद। जुलाना से रोहतक के लिए बस में सवार हुई महिला के बैग से अज्ञात ने जेवरात तथा नकदी को चोरी कर लिया। जुलाना थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डीघल निवासी सुनीता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी रिश्तेदारी में गांव मोहला शादी में आई हुई थी।

### आंगनबाड़ी से सामान चोरी का आरोपी पकड़ा

कैथल। भालंग स्थित आंगनबाड़ी से सामान चोरी करने के मामले की जांच चौकी किठाना पुलिस के एएसआई नरेंद्र की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव भालंग निवासी मोनू को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव खेड़ी शेरखां निवासी सुनीता की शिकायत अनुसार आंगनबाड़ी केंद्र गांव भालंग का अतिरिक्त चार्ज उसके पास है।

### पांच बच्चों की मां संदिग्ध हालात में लापता, केस

जींद। गांव निर्जन से पांच बच्चों की मां के संदिग्ध हालात में लापता होने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। निर्जन निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पांच बच्चे हैं। जिसमें दो लड़की शादीशुदा हैं।

### क्रूरता पूर्वक पशु ले जा रहे दो आरोपी गिरफ्तार

कैथल। कैंटर में पशुओं को ठूंस ठूंस कर क्रूरता पुर्वक लदान करके ले जा रहे 2 आरोपी थाना पूंडरी पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चौकी पूंडरी पुलिस के एएसआई नरेश कुमार की टीम रात्री गश्त दौरान करनाल रोड़ पूंडरी पर मौजूद थी। पुलिस को गुप्त जानकारी मिली की कैथल के तरफ से लापरवाही से चलाते हुए एक कैंटर आ रहा है।

# दिव्यांगता को मात दे डॉ. अनिल ने समाज में बनाई अहम पहचान, वेटरनरी चिकित्सक से एचसीएस अधिकारी बने

*समाजसेवी के साथ-साथ कुशल अधिकारियों में गिनती*

सूरज सहारण ▶▶| कैथल

अधिकांश तौर पर दिव्यांगत को अभिशाप समझा जाता है तथा दिव्यांग होने पर अधिकतर के सपने केवल सपने ही बनकर रह जाते हैं लेकिन कुछ व्यक्ति ऐसे होते हैं जो दिव्यांगता को हावी नहीं होने देते तथा मजबूत इरादे व दृढ इच्छा शक्ति के दम पर दिव्यांगता को भी मात दे जाते हैं। कुछ ऐसे ही व्यक्तियों में गिने जाते हैं कैथल के गांव जुलानीखेड़ा के एचसीएस अधिकारी डा. अनिल बिढान। उनका जन्म कैथल के गांव जुलानी खेडा में साधारण परिवार हुआ था। वेटरनरी कॉलेज हिसार से स्नातक 2005 (अब लुआस में) और श्री से वेटी पैथोलॉजी 2007 में मास्टर्स वेंकटेश्वरा वेटी विवि तिरुपति आईसीएआर-जेआरएफ के समर्थन के साथ भी किया।

### पोस्ट पोलिया ने किया निराश

2019 में एलएलबी और 2023 में एलएलएम कुविवि से उत्तीर्ण की। 2016 में एचसीएस की परीक्षा उत्तीर्ण की लेकिन वे साक्षात्कार में रह गए। इसके बावजूद उनका हौसला कम नहीं हुआ तथा और अधिक मेहनत कर 2020 में एचसीएस की परीक्षा पास करते हुए हांसी में एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट कम तहसीलदार प्रथम श्रेणी कार्यग्रहण किया। जब वे सिर्फ एक महीने का था तो उन्हें तेज बुखार आया तथा 80% पोस्ट पोलियो पैरालाइसिज हो गया था। पैरालिसिस ऑफ राइट लेग जो अभी भी कुछ हद तक मौजूद है। इस विकलांगता की वजह से उन्हें बहुत सारी परेशानियों का सामना करना पड़ा लेकिन उन्होंने हिम्मत से उसका सामना किया। स्कूल के दिनों में उसे पैर के साथ हाथ का सहारा लेकर चलना पड़ता था। वेटरनरी कॉलेज, हिसार में ग्रेजुएशन के पहले वर्ष में रहते हुए वे इलाज के लिए गए थे। उन्हें विशाखापट्टनम में इलाज से बहुत राहत मिली। अब उन्हें हाथ से पैर का सहारा नहीं देना पड़ता लेकिन कर्तव्यों का निर्वहन करते कभी-कभी कुछ असुविधा भी होती है।

### पैर के साथ हाथ का सहारा लेकर जाते थे स्कूल



कैथल। डा. अनिल बिढान।

- अप्रैल 2007 से सिविल सेवा में चयन होने तक कई गांवों में पशु चिकित्सा अधिकारी के रूप में कार्य किया। वे तहसीलदार वर्ग-ए, कार्यकारी मजिस्ट्रेट भी कई स्थानों पर सेवा दे रहे हैं। वर्तमान में हांसी व हिसार के प्रभारी हैं।,दोस्तों ने भी दिया साथ
- दोस्तों के लिए सभी प्रशंसा है जो हमेशा समर्थन और प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए एक चट्टान की तरह उसके पीछे खड़े रहे हैं।
- दोस्त उन्हें अद्वितीय गुणों और कर्मचारियों और किसानों के साथ सहकारी के व्यक्ति के रूप में वर्णन करते हैं। उसकी पूरी जीवन कहानी एक पुस्तक /"शशाकत में प्रकाशित हो चुकी है।
- पढ़ाई पूरी करने के पांच दिन बाद ही पशु अस्तपाल जसवंती में बतौर पशु चिकित्सक नियुक्त हो गए थे। यह उनकी जिंदगी का अविस्मरीय पल था। जब उनकी मेहनत का रंग दिखाई दिया।

### गांव में लाखों से बनवाई लाइब्रेरी

जब डा. अनिल बिढान जाट हाई स्कूल सोसायटी के प्रशासक थे तो जिला परिषद के चेयरमैन दीप मलिक ने 50 लाख की लागत से पुस्तकालय बनाने की घोषणा की थी। इसके तहत गांव जुलानीखेड़ा के तत्कालीन सरपचं नरेंद्र के साथ मिलकर गांव जुलानीखेडा में 50 लाख रुपये की लागत से पुस्तकालय बनवाया। यहां आज गांव के सैकड़ों युवा व युवतियां अध्ययन कर रोजगार की ओर बढ़ रहे हैं।

### जाट हाई स्कूल सोसायटी के रहे प्रशासक

बता दें कि डा. बिढान एक कुशल प्रशासक के रूप में भी जाने जाते हैं। तहसीलदार के पद पर कैथल में कार्यरत रहते जिला प्रशासन ने जाट हाई स्कूल सोसायटी का प्रशासक नियुक्त किया। 1 सिंतबर 2023 से 29 जनवरी 2024 तक जाट स्कूल सोसायटी के प्रशासक रहे तथा बड़ी लगन व ईमानदारी से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करते संस्था को आगे बढ़ाया। उनके शासनकाल के दौरान ही संस्था में तीन दिवसीय प्रदेश स्तरीय युवा दिवस करवाया गया।

## जिले में तेज बरसात से गेहूं की फसल को भारी नुकसान

# धूल भरी आंधी और बरसात ने किसानों को किया हलकान, मंडियों में गेहूं भीगा

### अधिकतम तापमान लुढका, सफीदों मंडी में भीगा हजारों क्विंटल अनाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद/सफीदों

मौसम के बिगड़े तेवरों ने किसानों को हलकान कर दिया। दोपहर बाद धूल भरी आंधी चली तो बादलों की गडग़ड़ाहट के साथ तेज बारिश हुई। जिसके चलते कृषि से जुड़े कार्य प्रभावित हुए और किसानों की सांसें अटकी रही। नरवाना में तेज बरसात के साथ ओले भी गिरे जिससे गेहूं की फसल में भारी नुकसान है। जिले में तेज बरसात के कारण जिले में कई जगह बरसात का पानी एकत्रित हो गया जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम के तेवरों को देख कर किसानों की धड़कनें ऊपर-नीचे होती रही। बारिश के चलते अधिकतम तापमान में दो डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। जिसके चलते दोपहर बाद मौसम सुहाना बन गया। वीरवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 21 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 44 प्रतिशत तथा हवा की गति 18 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को आकाश में बादलवाई बनी रहेगी। तापमान में भी गिरावट आएगी। तापमान चालीस डिग्री को छूने लगा था। जनजीवन पर असर साफ देखने को मिलने लगा था। वीरवार को दिन का आगाज तेज धूप तथा साफ मौसम के साथ हुआ। दोपहर तक मौसम का मिजाज काफी गर्म हो गया। दोपहर बाद मौसम ने करवट ली। आकाश में धूल का गुम्बार दिखाई दिया। कुछ समय के बाद धूल भरी आंधी चलने लगी। जिसके साथ आकाश में बादल छा गए और बारिश शुरू हो गई। जिसने आंधी तथा गर्मी से कुछ राहत दिलाई। हालांकि बारिश ज्यादा देर तक जारी नही रही, आकाश मे बादलवाई बनी रही और मौसम भी सुहाना बना रहा। बादलों के छाने से बारिश के भी आसार बने रहे। रबी फसल कटाई का सीजन रफ्तार पकड़ रहा है। सरसों मंडियों में पहुंच रही है।



जींद। गोहाना रोड पर बारिश के बीच गुजरते वाहन। *फोटो :हरिभूमि*



सफीदों। गेहूं को शैड के नीचे करते जेसीबी मशीन। *फोटो :हरिभूमि*

### तिरपाल व कैरेट की उचित व्यवस्था रखे

मार्केट कमेटी सचिव अनिल शर्मा ने बताया कि आढ़तियों को निर्देश दिए गए हैं कि खराब मौसम को देखते वे तिरपाल व कैरेट की उचित व्यवस्था रखे। बारिश की स्थिति में किसानों की कृषि उपज को तिरपाल से ढक कर रखे व इस बात का ध्यान रखा जाए कि कृषि उपज गीली नहीं हो। निर्देशों की अवहेलना करने वाले आढ़तियों के विरुद्ध लाइसेंस की धारा के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### आढ़तियों ने जेसीबी से गेहूं को शैड के नीचे करवाया

सफीदों। वीरवार सायं को हुई बारिश में सफीदों मंडी में हजारों क्विंटल गेहूं भीग गया। बारिश व तेज अंधड़ के कारण किसानों व आढ़तियों के माथे में चिंता की लकीरें साफ-साफ दिखाई पड़ रही थी। वीरवार को मंडी में सामान्य स्थिति थी और गेहूं की सरकारी एजेंसियों के द्वारा खरीद किए जाने की उम्मीदें जताई जा रही थी लेकिन सायं होते ही अचानक मौसम ने करवट ली और आसमान में चारो ओर काली घटाएं छा गईं। उसके बाद तेज तुफान आया और बारिश शुरू हो गई। मौसम खराब होते ही आढ़तियों व किसानों ने अपनी फसल को तिरपाल ढककर उसे बचाने का प्रयास जरूर किया लेकिन उनके प्रयास नाकाफी रहे। क्योंकि सफीदों मंडी काफी मात्रा में गेहूं पड़ा है। जिसे तिरपाल के द्वारा कवर नामुमकिन है। बारिश के कारण मंडी में पड़ा हजारों क्विंटल भीग गया। मंडी में आई फसल में पहले ही नमी की मात्रा ज्यादा थी लेकिन इस बारिश के बाद नमी की मात्रा में अधिक वृद्धि हो गई है। बारिश को लेकर आढ़ती व किसान परेशानी में नजर आए।



कैथल। मंडी में खुली पड़ी गेहूं को बरसात से बचाने के लिए तिरपाल से ढकते किसान।

## कैथलः बरसात होने से गेहूं की फसल खरीद में होगी देरी

- बदल गया मौसम, बारिश की फुहारें से मिली गर्मी से राहत
- खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को नुकसान होने का अंदेशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिले में तेज गर्मी के बीच वीरवार सायं बरसात के राहत की सांस दी है। शाम करीब साढ़े पांच बजे के आसपास में बादल सक्रिय होने से कई शहरों में हल्की बारिश होगी और हीट वेव से कुछ राहत मिलने के आसार हैं। वहीं, वीरवार को गरज चमक के साथ बारिश हुई। हालांकि मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले दिनों में भी गर्मी से राहत की उम्मीद है। जिले के गुहला-चीका क्षेत्र में हल्की ओलावृष्टि भी हुई। इस कारण इस क्षेत्र में खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को नुकसान होने का अंदेशा है।

बता दें कि पिछले तीन दिन से शहर में गर्मी के तेवर सख्त हो रहे थे। हालात यह बन गए थे कि अप्रैल के दूसरे सप्ताह से पहले ही तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था।

ऐसे में दिन में तेज धूप की वजह से कूलर और एसी भी तेज गति से चलाए जाने लगे थे। गत सोमवार को कैथल में 38.7 डिग्री तापमान के साथ सीजन का सबसे गर्म दिन रिकॉर्ड किया गया था। इस तरह अधिकतम तापमान में 1.7 डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई थी।

### दो दिन आसार

कृषि विज्ञान केंद्र के मुख्य समन्वयक डॉ. रमेश चंद्र वर्मा ने बताया कि मौसम विभाग का अनुमान है कि 11 अप्रैल से मौसम में बदलाव आ सकता है। ऐसे में जिले के अधिकतर इलाकों में शुक्रवार को भी बारिश हो सकती है। हालांकि इस बारिश से अधिकतम व न्यूनतम तापमान कम होगा। जबकि खेतों में खड़ी फसल से बारिश को नुकसान होने का अंदेशा है।

## जुलाना में करंट लगने से युवक की मौत

- मोनोब्लॉक मोटर से पानी भरते हुए लगा करंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना कस्बे के वार्ड 13 में करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। युवक को जुलाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वीरवार को सुबह के समय वार्ड 13 निवासी 32 वर्षीय राकेश मोनोब्लॉक मोटर से पानी भर रहा था। पानी भरते समय अचानक पानी की पाइप निकल गई। मोटर में करंट होने पर उसे करंट लग गया जिससे राकेश नीचे गिर गया। गंभीर अवस्था में जुलाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया। चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर जुलाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुटी हुई है।

### दो बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

राकेश के परिवार में एक पांच साल की लड़की और एक तीन साल का लड़का है। राकेश की मौत के बाद दोनों के सिर से पिता का साया उठ गया। राकेश की मौत से मातम छा गया। जुलाना मंडी चौकी इंचाज्र मोनिका ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जींद के सामान्य अस्पताल में भिजवाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### छापड़ा में ट्रांसफार्मर की स्पाट छूने से लगा करंट, मौत

जींद। गांव छापड़ा में ट्रांसफार्मर की स्पाट को छूने से लगे करंट से एक व्यक्ति की मौत हो गई। उचाना थाना पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। छापडा निवासी संजीव (35) बीती देर शाम घूमने के निकला था। रास्ते में उसका हाथ ट्रांसफार्मर की स्पाट को छू गया। जिसमें संजीव को करंट का झटका लगा। जिससे वह बेसुध होकर गिर गया। परिजनों ने उसे नागरिक अस्पताल उचाना पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर उचाना थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया।

## 24 घंटे में डबल मर्डर के तीन आरोपित गिरफ्तार

- गैस एजेंसी संचालक दो भाइयों की गोली मार की थी हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सत्यम गैस एजेंसी संचालक दो भाइयों की मंगलवार देर रात को गोलियां मार कर हत्या करने के तीन आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान गांव निर्जन निवासी सुरेश, मोहित और गांव नंदगढ़ निवासी लक्ष्य के रूप में हुई है। सुरेश आरोपित मोहित का पिता और लक्ष्य दोस्त है। सुरेश खेतीबाड़ी व प्रॉपर्टी का काम करता है। जबकि मोहित सिंचाई विभाग बेलदार के पद पर कार्यरत है। लक्ष्य हरियाणा रोडवेज में स्टोर कीपर के पद पर नौकरी करता है। तीनों आरोपितों को अदालत से दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपितों से वारदात में प्रयोग किए गए असलहा, गाड़ी सहित अन्य जानकारियां जुटाई जाएंगी। यह था मामला : गौरतलब है कि मंगलवार देर रात सफीदों रोड बाईपास पर सत्यम गैस एजेंसी संचालक निर्जन गांव निवासी सतीश और दिलबाग की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई थी। दोनों सगे भाइयों की हत्या का कारण यूं तो पांच-सात साल से चला आ रहा जमीनी विवाद है। लेकिन मंगलवार को यह चिनगारी बहुत छोटी बात से ही भड़क गई थी। सतीश और दिलबाग मंगलवार की शाम को सफीदों बाईपास पर कुर्सी डालकर बैठे हुए थे। तभी आरोपित सुरेश का बेटा मोहित गाड़ी दौड़ाते आया और उनकी कुर्सी के पास ब्रेक लगाई। इससे धूल उठी तो सतीश ने उसे टोका और कहा कि गाड़ी आराम से चला लेए धूल उड़ रही है।



जींद। पुलिस गिरफ्त में आरोपित। *फोटो :हरिभूमि*

### आरोपी रिमांड पर

डीएसपी जितेंद्र ने वीरवार को पत्रकारों से बातचीत में बताया कि जमीनी विवाद के चलते दो भाइयों की गोली मारकर हत्या करने के मामले में तीन आरोपितों को दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान असलहा, वारदात में प्रयोग की गाडि़यों व अन्य लोगों की संलिप्ता के बारे में पूछताछ करेगी।

**शहादत** | गुहला के गांव बिच्छियां के फौजी की दिल्ली के सैनिक अस्पताल में मौत

# राजकीय सम्मान के साथ हवलदार सोहन लाल को दी अंतिम विदाई

*ग्रामीणों ने जब तक सूरज चांद रहेगा,सोहन लाल तेरा नाम रहेगा जैसे कई गगनभेदी नारे लगाए।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

गुहला के गांव बिच्छयां के एक फौजी सोहन लाल (40) की ड्यूटी के दौरान बीमारी के चलते मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोहन लाल फौज में हवलदार के पद पर भटिंडा में तैनात था परंतु बीमारी के चलते वह दिल्ली के सैनिक अस्पताल में भर्ती था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सैनिक सोहन लाल की मृत देह को पूरे राजकीय सम्मान के साथ फूलों से सजे सैनिक वाहन में उसके पैतृक गांव बिच्छियां में लाया गया, जहां सेना के एक नायब सूबेदार शिवा कुमार की अगुवाई में सेना की एक टुकड़ी ने शहीद सैनिक सोहन लाल का सलामी दी, जिसके बाद शहीद सोहन लाल का अन्तिम संस्कार किया गया, उसे उसके पुत्र ने मुखाग्नि दी। अंतिम दर्शनों के लिए रखा पार्थिव शरीरः संस्कार से पूर्व शहीद सोहन लाल के पार्थिव शरीर को लोगों के दर्शन के लिए रखा गया, जहां समूचे गांव व आसपास के गांवों के लोगों व क्षेत्र के पूर्व सैनिकों ने उन्हें अपनी श्रद्धांजली अर्पित की। ग्रामीणों ने 'जब तक सूरज चांद रहेगा, सोहन लाल तेरा नाम रहेगा।' जैसे कई गगनभेदी नारे लगाए। शहीद के अन्तिम संस्कार में जिला व हलके स्तर के प्रशासकीय व पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। सरकार की तरफ से शहीद सैनिक को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर गांव के सरपंच प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सहित कई समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि भी मौके पर मौजूद रहे।



गुहला-चीका। शहीद सैनिक को सलामी देती सेना की टुकड़ी। *फोटो :हरिभूमि*

## कारागार के दो सुरक्षा कर्मी निलंबित ड्यूटी में कोताही बरतने का आरोप

- जिला कारागार से विचाराधीन बंदी के फरार होने का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला कारागार से विचाराधीन बंदी राकेश के फरार हो जाने के मामले में दो सुरक्षा कर्मचारियों को ड्यूटी में कोताही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। जिनमें बैरक इंचार्ज सुभाष व चक्र हवलदार नरेंद्र शामल हैं। साथ ही इस मामले की नियमित जांच भी शुरू हो गई है। जिला कारागार में किसी कैदी के जेल के सुरक्षा कर्मचारियों की मौजूदगी में और उन्हें भरोसे में लेकर इस तरह जेल ब्रेक कर भागने का यह पहला मामला है। यह गनीमत रही कि जेल की दीवार पर लगी सीढ़ी से राकेश के अलावा कोई और कैदी फरार नहीं हुआ, नही तो जेल की दीवार से इस तरह सीढ़ी लगाए जाने से बड़ी संख्या में कैदी फरार हो सकते थे।

गौरतलब है कि जींद जिला कारागार से मंगलवार की रात लगभग दो बजे विचाराधीन बंदी राकेश फरार हो गया था। पंजाब के खनौरी के बनारसी गांव का राकेश जींद सीआईए स्टाफ पु लिस पार्टी पर हत्या के प्रयास और आर्म्ज एक्ट के मामले में जेल में बंद था। मंगलवार रात को जेल की बिजली गुल हो गई थी।

## खबर संक्षेप

### ट्रांसफार्मर का सामान चोरी के आरोपित दबोचे

जींद। उचाना थाना पुलिस ने बिजली ट्रांसफार्मरों से सामान चोरी करने के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान अमित वासी गांव आसन कलां जिला पानीपत व धर्मबीर वासी गांव धुंधरेहडी जिला कैथल रूप में हुई है। पुलिस दोनों से चोरी की अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ कर रही है।

### संदिग्ध हालत में युवती लापता, शिकायत दर्ज

जींद। गांव कालवा हैचरी से युवती के गायब होने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव कालवा हैचरी में रह रहे मध्य प्रदेश निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी बेटी हैचरी से गायब हो गई। तलाशने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अहंकार के रहते मोक्ष नही

जींद। असमर्थ महिला कल्याण न्यास के संस्थापक रामनिवास अहिरका ने कहा कि एक बार भगवान शिव व पार्वती ब्राह्मण व ब्राह्मणी के वेश में भतरहरि को मोक्ष देने उनके पास काशी के श्मशान घाट पर पहुंचे और भतरहरि से भिक्षा मांगने लगे। भतरहरि ने चिता के पास रखे आटे के चारों गोलों से चिता की आग में पकाई चारों रोटियां उन्हें दे दी।

### ओलंपियाड योगा प्रतियोगिता आयोजित

जींद । खंड स्तरीय ओलंपियाड योगा प्रतियोगिता राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उचाना मंडी में आयोजित हुई। खंड के सभी विद्यालयों ने भाग लिया। छठी कक्षा से आठवीं, नौंवी से दसवीं कक्षा के दो वर्गों में आयोजित प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्राचार्या सरोज श्योकंद की देखरेख में प्रतियोगिता आयोजित हुई। खंड शिक्षा अधिकारी पुष्पा रानी ने कहा कि विद्यार्थियों के के सर्वांगीण विकास के लिए योगा का बहुत अधिक महत्व है।

### रग्बी पुरूष और महिला टीमों के लिए कैंप शुरू

जींद । हरियाणा रग्बी सीनियर पुरुष एवं महिला टीमों का राष्ट्रीय रग्बी 7एस प्रतियोगिता के लिए कैंप शुरू हो गया है। जींद जिला रग्बी एसोसिएशन के महासचिव मुनीत बेरवाल ने बताया कि हरियाणा टीम का चयन छह अप्रैल को सोनीपत के नंगल कला में खेल विभाग हरियाणा के देखरेख में आईआरएफयू द्वारा बनाई गई सिलेक्शन कमेटी द्वारा किया।

### फुटबॉल नर्सरी के लिए खिलाड़ियों का ट्रायल कल

नरवाना। हरियाणा खेल विभाग द्वारा राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालयए बेलरखा को फुटबॉल खेल नर्सरी के रूप में अलॉट किया गया है। इसके तहत खिलाडिय़ों का चयन र 11 अप्रैल को किया जाएगा। अध्यापक प्रदीप जागलान ने बताया कि चयन के लिए ट्रायल का आयोजन प्रातः 8रू00 बजे विद्यालय के खेल परिसर में होगा। ट्रायल में 8 वर्ष से 19 वर्ष तक की आयु के बालक एवं बालिकाएं भाग ले सकते हैं।

### धमतान साहिब से कालवन तक सड़क दोबारा बने : नैन

नरवाना। सामाजिक कार्यकर्ता वरदान नैन कालवन ने बताया कि नरवाना से टोहाना मुख्य सड़क जो कि धमतान साहिब से कालवन तक कुछ समय पहले ही बनाई गई थी। यह सड़क थोड़े ही दिन बाद टूटने लगी है। इस सड़क में जगह.जगह गड्डे हो गए हैं। इस सड़क पर रोजाना दुर्घटनाएं होने का खतरा बना रहता है।

### चाणक्य स्कूल में रक्तदान फ्री सेहत जांच शिविर आज

जींद। चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल कसूहन में शुक्रवार को समाजसेवी स्व० चतरभुज अत्री की 14वीं पुण्यतिथि पर रक्तदान, मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित होगा। प्रिंसिपल रितु देवी ने बताया कि अधिक से अधिक रक्तदान शिविर में पहुंच कर रक्तदान करें ताकि किया रक्तदान किसी की जान बचाने के काम आ सकें।

# नरवाना में सबसे अधिक गैर मान्यता वाले स्कूल, जुलाना और उचाना ब्लॉक में 21-21 व सफीदों में चार विद्यालय

**शिक्षा विभाग ने जारी की गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों की सूची**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शिक्षा विभाग द्वारा जिले में गैर मान्यता प्राप्त वाले 78 स्कूलों की सूची जारी की गई है। इस सूची में से नरवाना ब्लॉक के 24, जुलाना और उचाना ब्लॉक के 21-21, अलेवा ब्लॉक के आठ और सफीदों ब्लॉक के चार स्कूल शामिल हैं। जबकि जींद और पिल्लूखेड़ा ब्लॉक में गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों की संख्या शून्य दिखाई गई है। गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों वाली सूची में बिना रजिस्ट्रेशन वाले किड्स प्ले स्कूल, बिना मान्यता स्कूली विद्यार्थियों को पढ़ाने वाले कोचिंग सेंटर और मान्यता से ऊंची कक्षाओं के विद्यार्थियों को पढ़ाने वाले स्कूल शामिल हैं।

#### किड्स प्ले स्कूलों की जांच

जींद और पिल्लूखेड़ा ब्लॉक में गैर मान्यता प्राप्त वाले स्कूलों की सूची शून्य दिखाई गई है। जबकि दोनों जगह काफी बिना रजिस्ट्रेशन वाले किड्स प्ले वाले स्कूल शामिल हैं। हालांकि किड्स प्ले वाले स्कूलों को मान्यता महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से दी जाती है। एक साल की मान्यता के लिए किड्स प्ले स्कूल संचलाकों को महिला एवं बाल विकास विभाग के पास आवेदन करना होता है। आवेदन करने के बाद महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम की ओर से किड्स प्ले स्कूलों की जांच की जाती है। इस जांच टीम में शिक्षा विभाग की ओर से एक कर्मचारी को शामिल किया जाता है। वहीं जींद और पिल्लूखेड़ा ब्लॉक में काफी ऐसे किड्स प्ले स्कूल हैंए जो बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे हैं लेकिन दोनों ब्लॉक में बिना मान्यता प्राप्त स्कूलों की संख्या शून्य दिखाई गई है।

#### जींद और पिल्लूखेड़ा ब्लॉक में संख्या शून्य




#### स्कूलों की मान्यता अवश्य जांच लें

जिला शिक्षा अधिकारी सुमित्रा देवी ने बताया कि जिन अभिभावकों को अपने बच्चों के दाखिले निजी स्कूल में करवाने हैं पहले स्कूलों की मान्यता अवश्य जांच लें ताकि बाद में छात्रों और अभिभावकों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। जिलेभर के गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों को शिक्षा विभाग ने नोटिस भेजे गए हैं। ऐसे स्कूल संचालक किसी भी छात्र का दाखिला नहीं करें। अब विभाग के आदेश मिलने के बाद इन स्कूलों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

#### किड्स प्ले स्कूलों के लिए अनिवार्य नियम

स्कूल पूरी तरह से स्वच्छ होने चाहिए। स्कूलों में बच्चों के खेलने के लिए प्ले ग्राउंड होना चाहिए। स्कूल में कैमरे जरूर लगे होने चाहिए। छात्र और छात्राओं के लिए अलग से शौचालयों की व्यवस्था होनी चाहिए। 20 बच्चों पर एक अध्यापक व एक केयर टेकर की व्यवस्था होनी चाहिए।

## प्रतिदिन करते थे सौ से अधिक ओपीडी, साथ में आपरेशन

# आज से बढ़ेगी नाक, कान और गला मरीजों की परेशानी, चिकित्सक ने ली इच्छुक सेवानिवृत्ति

**अब अस्पताल में एसएमओ का काम देख रहे डा. अरविंद पर प्रशासनिक काम के साथ ओपीडी का भी भार होगा**

### डा. बृजेंद्र घणघस ने जो भी जिम्मेदारी मिली उसे बखूबी निभाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अगर आज आप नागरिक अस्पताल में कान, गला, नाक के उपचार के लिए आ रहे हैं तो आपको परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। ईएनटी चिकित्सक डा. बृजेंद्र घणघस ने इच्छुक सेवानिवृति (वीआरएस) ले ली है। जो प्रतिदिन सौ से अधिक ओपीडी कर लेते थे। इसके बाद नाक, कान व गले से संबंधित आप्रेशन भी करते थे। हालांकि अस्पताल में एक और भी ईएनटी डा. अरविंद हैं जोकि एसएमओ हैं और प्रशासनिक कार्य देख रहे हैं। वो भी ओपीडी करते हैं लेकिन जितनी ओपीडी डा. बृजेंद्र घणघस के पास थी, उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि आने वाले दिनों में मरीजों को किस कदर परेशानी होगी। डॉक्टर के अस्पताल में आने से पहले ही कमरे के बाहर लगती थी लाइनें: नागरिक अस्पताल के ईएनटी चिकित्सक डा. बृजेंद्र घणघस नई बिल्डिंग में कमरा नंबर 18 में बैठ कर ओपीडी करते थे। ओपीडी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उनके आने से पहले ही कमरे के बाहर लंबी-लंबी लाइनें लग जाती थी। जैसे ही चिकित्सक कमरे में आते और ओपीडी शुरू करते तो पहले दिखाने के चक्कर में धक्का-मुक्की तक होती थी। हालांकि डा. बृजेंद्र भी ओपीडी पूरी करते थे और जब तक उनके कमरे के बाहर मरीज होता तब तक वो उसे देखते थे। मरीजों की मारामारी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि डा. बृजेंद्र अगर एक मरीज को देखने में पांच से सात मिनट भी लगाएं तो सौंवें नंबर पर आने वाले मरीज को उपचार के लिए कितना इंतजार करना पड़ता होगा।


जींद। ईएनटी डा. बृजेंद्र को वीआरएस पर विदाई देते चिकित्सक। फोटो :हरिभूमि

#### मरीजों को नही आने दी जाएगी परेशानी : भोला

डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि डा. बृजेंद्र ने वीआरएस ले ली है। सभी चिकित्सकों ने उन्हें भावभिनी विदाई दे दी है। नाक, कान, गले के मरीजों का उपचार के लिए अस्पताल में किसी तरह की कोई परेशानी नही आने दी जाएगी।

#### कमरे के बाहर लाइनें

डा. बृजेंद्र घणघस नई बिल्डिंग में कमरा नंबर 18 में बैठ कर ओपीडी करते थे। ओपीडी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उनके आने से पहले ही कमरे के बाहर लाइनें लग जाती थी।

#### अब चिकित्सक ने ली वीआरएस

इएनटी डा. बृजेंद्र द्वारा वीआरएस ले ली है। जिससे वीरवार से अस्पताल में आने वाले नाक, कान, गले के मरीजों की परेशानियां बढ़ जाएंगी। अस्पताल में एसएमओ का काम देख रहे डा. अरविंद पर प्रशासनिक काम के साथ-साथ ओपीडी का भी भार होगा। डा. बृजेंद्र की सेवानिवृति पर सीएमओ डा. सुमन कोहली, डिप्टी सीएमओ डा. पालेराम, डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, डा. संदीप लोहान, डा. विजेंद्र ढांडा, एसएमओ डा. अरविंद, डाइटिशियन सुरेंद्र ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सीएमओ डा. सुमन कोहली ने कहा कि डयूटी के दौरान डा. बृजेंद्र घणघस को जो भी जिम्मेवारी मिली, उसे उन्होंने बखूबी निभाया।


जींद। ईएनटी चिकित्सक कमरे के बाहर लगी भीड़। फोटो :हरिभूमि



जींद। आईटी रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते राजकुमार गोयल।

# डिजिटल साक्षरता के प्रति जागरूक करने के लिए निकाला आईटी रथ

- अर्बन एस्टेट से शुरू रथ यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डिजिटल साक्षरता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए हरियाणा नॉलेज कॉरपोरेशन लिमिटेड पंचकूला द्वारा जींद में डिजिटल साक्षरता अभियान के तहत आईटी रथ यात्रा निकाली गई। इस रथ के माध्यम से लोगों को डिजिटल लिटरेसी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और कंप्यूटर कौशल के प्रति जागरूक किया गया। यह रथ यात्रा महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन अर्बन एस्टेट जींद से रवाना हुई।

इस रथ यात्रा को जींद विकास संगठन के अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल, एचकेसीएल के क्षेत्रीय निदेशक करण सिंह व संस्था के अध्यक्ष राजकुमार भोला ने हरी झंडी दिखा कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर अंकिता खटकड़, अजय वर्मा, पवन बंसल, मंजीत भौंसला, मीना, सुशीला धनखड़, सुरेंद्र आदि मौजूद रहे। यह आईटी रथ यात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से गुजरी। यह यात्रा अर्बन एस्टेट, डिफेंस कॉलोनी, पुराना बस स्टैंड से होते हुए स्कीम 5, 6 रानी तालाब, पालिका बाजार, बैंक रोड, रामराये गेट, झांझ गेट, रुपया चौक होते हुए पटियाला चौक की तरफ रवाना हुई। इस दौरान रास्ते में जगह-जगह पर आमजन को डिजिटल साक्षरता के महत्व से अवगत करवाया गया। इस रथ के माध्यम से युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ई लर्निंग, एमएस ऑफिस, इंटरनेट, ईमेल, ऑनलाइन सुरक्षा और साइबर जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। एचकेसीएल के क्षेत्रीय निदेशक करण सिंह ने कहा कि टेक्नोलॉजी ने जहां जीवन को आसान बनाया है वहीं कई नई चुनौतियां भी सामने आई हैं। डिजिटल साक्षरता से ही हम इन जोखिमों से सुरक्षित रह सकते हैं।

# स्पेशल मर्सी चांस की मांग को लेकर एबीवीपी करेगी प्रदर्शन

- 10 हजार से अधिक विद्यार्थियों का पेंडिंग रिजल्ट जल्द जारी करे
- अगर जल्द समाधान नही हुआ तो एबीवीपी कुलपति कार्यालय का घेराव करेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीआरएसयू प्रशासन विद्यार्थियों को स्पेशल और मर्सी चांस दे और 10 हजार से अधिक विद्यार्थियों का पेंडिंग रिजल्ट जारी करे। अगर ऐसा नही हुआ तो एबीवीपी कुलपति कार्यालय का घेराव करेगी। विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष ने बताया कि 18 मार्च को मांग की थी कि स्पेशल और मर्सी चांस दिया जाए। जिसके बाद 19 मार्च को एबीवीपी की राजकीय महाविद्यालय और राजकीय महिला महाविद्यालय इकाई ने भी यूनिवर्सिटी के कंट्रोलर से मांग की थी। विद्यार्थियों का समय बर्बाद ना जाए, इसलिए उन्हें स्पेशल चांस और मर्सी चांस दिया जाए। एबीवीपी के नेता वीरसैन ने बताया कि एबीवीपी ने यूनिवर्सिटी प्रशासन को आठ अप्रैल को कहा कि यूनिवर्सिटी स्पेशल और मर्सी चांस की परीक्षा करवाए। इसके लिए अगर कोई भी अधिसूचना नहीं आती है तो एबीवीपी विश्वविद्यालय में प्रदर्शन करेगी।

# अब सोमवार और वीरवार को किया जाएगा समाधान शिविर का आयोजन

- मुख्य सचिव ने लघु सचिवालय के सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने लघु सचिवालय के सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक ली। बैठक में फसलों की खरीद, समाधान शिविरों के आयोजन और उपायुक्तों द्वारा किए जा रहे रात्रि ठहराव की समीक्षा की गई। बैठक के उपरांत कार्यवाहक उपायुक्त विवेक आर्य ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फसलों की खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी और सुचारू रूप से संचालित किया जाए। किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और उन्हें उनकी उपज का उचित मूल्य समय पर मिले। मंडियों में अनाज की खरीद, तौल, लोडिंग, अनलोडिंग, भंडारण और परिवहन की प्रक्रिया निर्बाध रूप से संचालित हो।

उन्होंने मंडियों में अनावश्यक भीड़ को नियंत्रित करने पर विशेष जोर दिया और किसानों से अपील की है कि वे अपनी फसल को पूरी तरह सुखा कर ही मंडियों में लाएं ताकि नमी की समस्या न हो। कार्यवाहक उपायुक्त ने निर्देश दिए कि जिले की मंडियों में किसानों की सुविधा के दृष्टिगत बिजली, पीने का पानी, शौचालय, बारदाना, सफाई व्यवस्था सहित अन्य सभी आवश्यक सुविधाएं निरंतर ठीक रहनी चाहिए। किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। कार्यवाहक उपायुक्त ने कहा कि सप्ताह के हर सोमवार और वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा प्रत्येक शुक्रवार को समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी।

# नकली दवा व बीज बेचने वाले दुकानदार को सख्त सजा देने का कानून अधूरा: संधू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नकली दवा व बीज बेचने वाले दुकानदार सख्त सजा देने के लिए जो कानून हरियाणा सरकार ने बनाया है, वो आधा अधूरा है लेकिन जो सरकार ने पहल कि है उसका माजरा खाप पंचायत स्वागत करती है। माजरा खाप पंचायत के प्रधान गुरविंदर सिंह संधू ने बताया कि किसान के साथ बहुत बड़ा धोखा हर फसल बुआई पर हो रहा है। जिस पर सरकार को निष्पक्ष होकर कार्यवाही करनी चाहिए। हाल ही में जो कानून राज्य सरकार ने बनाया है यह किसान का पूर्ण रुप से भला नहीं कर सकता है। उन्होंने बताया कि इस कानून में जो कंपनी नकली दवा बनाती है और उस दवा को जो एजेंसी आईएसआई मार्का देती है यानी उसकी गुणवत्ता प्रमाणित करती है, उसे कानून के दायरे से बहार क्यों रखा गया है। यदि सही ईमानदारी से सरकार नकली दवा, बीज पर प्रतिबंध लगाना चहाती है तो नकली दवा बनाने वाली कंपनियों को भी इस कानून के दायरे में लेना चाहिए था। ऐसा नही किया गया। उन्होंने कहा कि जो भी कंपनी दवा या बीज या मानव दवा बनती है, उसकी गुणवत्ता की गारंटी वो कंपनी लिखित रूप से अंकित करे ओर आईएसआई मार्का लगाने वाली एजेंसी को भी पूर्ण रुप से जिम्मेदार ठहराना उचित होगा। नकली उत्पाद पर इन सब को बराबर का दोषी माना जाना चाहिए। तभी किसानी बच पाएगी।

## नगर परिषद कर रही जनहित के कार्य: चेयरमैन डा. अनुराधा

# ज्योतिबा फुले पार्क में सबमर्सीबल पंप लगवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नगर परिषद जींद की ओर से जनहित कार्यों के अंतर्गत महात्मा ज्योतिबा फुले पार्क में सबमर्सीबल पंप लगवाया गया। इस सबमर्सीबल पंप का उद्घाटन नगर परिषद जींद से चेयरमैन डा. अनुराधा सैनी ने अपने हाथों से नारियल फोड़ कर किया। डा. अनुराधा सैनी द्वारा छोटी बच्ची खुशी सैनी हैबतपुर के हाथों से पूजा अर्चना करवा कर सबमर्सीबल पंप की खुदाई शुरू करवाई। इस मौके पर वार्ड नंबर 13 से नगर पार्षद राजकुमार कश्यप मौजूद रहे। इस उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन सैनी महापंचायत ट्रस्ट जींद द्वारा किया गया। क्योंकि इस पार्क को सैनी महापंचायत ट्रस्ट द्वारा गोद लिया गया है। इस पार्क की देख रेख और रख रखाव की जिम्मेदारी इस संस्था की है। नपा चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी ने बताया कि सैनी महापंचायत ट्रस्ट की ओर से पार्क के रखरखाव के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और कहा कि गर्मी के दिनों में सबमर्सीबल पंप का पानी पार्क की हरियाली को कायम रखने में सहायक होगा। इसके साथ ही पानी की समस्या दूर हो जाएगी और पीने के पानी की भी सुविधा मिलेगी। डा. अनुराधा सैनी ने बताया कि महात्मा ज्योतिबा फुले पार्क में अभी कुछ दिनों पहले की ओपन जिम लगवाई गई है। जिससे सीनियर सिटीजन महिलाओं और बच्चों को सुबह शाम एक्सरसाइज करने में मदद मिलेगी। उन्होंने पार्क में आने वाले सीनियर सिटीजन्सए महिलाओं और बच्चों के खेलने के लिए इसे और भी ज्यादा बेहतर बनाने का आश्वासन दिया।


जींद। पंप का उद्घाटन करते हुए। फोटो :हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

नगर पार्षद राजकुमार कश्यप ने बताया कि जींद नगर परिषद से चेयरपर्सन लगातार जींद शहर के विकास के लिए प्रयासरत है। उन्होंने प्रत्येक वार्ड में सम्मान विकास किया है। इसके चलते ही महात्मा ज्योतिबा फुले पार्क में पानी की व्यवस्था करना एक पुण्य का काम है और इससे पार्क में आने जाने वाले लोगों के लिए यह पानी अमृत का काम करेगा। इस उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य रूप से चेयरपर्सन प्रतिनिधि गोविंद सैनी, सैनी महापंचायत ट्रस्ट से अशोक हैबतपुर, राकेश खोखरी, गौरव सैनी, रमेश, राजेंद्र, बलजीत, रामकुमार, योगेंद्र, जोगींद्र, शमशेर, सुभाष, अरमान सैनी, ममता, इंद्रो, शांति देवी, रेखा रानी, धनपती, कलाशो, मूर्ति देवी, खुशी सैनी आदि मौके पर मौजूद रहे।



नरवाना। कैंप में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

#### नि:शुल्क कैंप लगाया

नरवाना। लॉयंस क्लब नरवाना की तरफ विद्यालय में एनीमिया चैकअप कैंप लगाया गया जोकि पूर्णतः नि:शुल्क था। जिसमें विद्यालय की तीसरी कक्षा से आठवीं कक्षा तक की सभी लड़कियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। सभी लड़कियों ने अपना टैस्ट करवाया जैसा कि सभी को पता है कि एनीमिया का सबसे आम पोषण कारण आयरन की कमी है। हालांकि फोलेट विटामिन बी 12और विटामिन ए की कमी भी महत्वपूर्ण कारण है एनीमिया एक गंभीर वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है जो विशेष रूप से छोटे बच्चोंए मासिक धर्म वाली किशोरियों और महिलाओंए एवं गर्भवती महिलाओं को प्रभावित करती है। आज इस अभियान में बच्चों के साथ साथ स्टॉफ ने अपना टैस्ट कराया बाद में सभी बच्चों को रिफ्रेशमेंट में फ्रूट्स दिया गया। इस अवसर पर समस्त लायंस क्लब के सभी सदस्यों सहित विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

**खबर संक्षेप**

### चीका में युवाओं के दो गुट भिड़े, एक घायल

**कैथल।** चीका के राजकीय बहुतकनीकी कॉलेज के पास युवाओं के दो गुटों में हुई मारपीट में एक युवक घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। रणधीर कॉलोनी कैथल के आशीष ने चीका पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 6 अप्रैल को जब वह चीका के राजकीय बहुतकनीकी कॉलेज के पास खड़ा था तो चार-पांच लड़कों ने उसे पर लोहे की राड तथा लात घुसों से मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया।

### चौदह को होगा आंबेडकर की जयंती पर कार्यक्रम

**कैथल।** युवा मार्ग दर्शन मंच हरियाणा की तरफ से 14 अप्रैल को संविधान निर्माता डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर कार्यक्रम होगा। इस बारे में मंच के प्रदेशाध्यक्ष सोनू मंचल ने पदाधिकारियों के साथ कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जानकारी दी। सोनू ने बताया कि यह आयोजन बड़े ही धूमधाम से होगा। 14 अप्रैल को शहर के सीवन गेट स्थित बाबा साहिब के स्मारक पर जन्म दिवस केक काटकर मनाया जाएगा।

### बाइक की चपेट में आने से एक युवक घायल

**कैथल।** कैथल के करनाल रोड पर बाइक की चपेट में आने से एक युवक घायल हो गया। महा खुर्द के महावीर ने सिविल लाइन कैथल पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 6 अप्रैल को जब उसका भाई नेमीचंद करनाल रोड गली नंबर 10 के निकट से गुजर रहा था तो सोनू नामक युवक ने अपनी बाइक को तेज गति और लापरवाही से चलते उसके भाई को टक्कर मार कर घायल कर दिया।

### चोरों ने दिन दहाड़े बाइक को बनाया निशाना

**कलायत।** चोर गिरोह की सक्रियता निरंतर बढ़ती जा रही है। घटनाक्रम में वार्ड 9 से नव निर्वाचित पार्षद जगदीश रायका का दिन दिहाड़े मोटर एचएफ डिलक्स साइकिल चोरी हो गया। घटना उस समय हुई जब पार्षद बृहस्पतिवार को वार्ड 8 में महिला की मृत्यु पर शोक प्रकट करने गए थे। परिवार को सांत्वना देने के उपरांत जैसे ही वे वापिसी लौटे तो गली से मोटर साइकिल चोरी मिला। जगदीश ने बताया कि वे दोपहर करीब 11: 30 बजे वार्ड 8 में महिला की मृत्यु पर शोक प्रकट करने के लिए आए थे।

## डीसी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए

# फसल की खरीद, उठान और भुगतान समयबद्ध करें : प्रीति

**मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से की रबी फसल खरीद प्रकिया की समीक्षा, किसानों को नहीं होनी किसी प्रकार की परेशानी**



**कैथल।** डीसी प्रीति अधिकारियों से बातचीत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

डीसी प्रीति ने कहा कि किसानों को मंडियों में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए समय पर फसल की खरीद, तोल, उठान और भुगतान समयबद्ध किया जाए। सभी नोडल अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि मंडियों में व्यवस्थित और पारदर्शी ढंग से कार्य हो, जिससे किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। किसानों की फसल निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जाए।

डीसी प्रीति चंडीगढ़ से मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के उपरांत अधिकारियों को निर्देश दे रहीं थीं। डीसी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में होने वाली हर प्रक्रिया की निगरानी की जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। फसल तौल और ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था सुदृढ़ होनी चाहिए ताकि किसानों को इंतजार न करना पड़े। मंडियों में जाम की स्थिति नहीं बनने दें।

उन्होंने कहा कि मंडियों में किसानों की सुविधा के दृष्टिगत बिजली, पीने का पानी, शौचालय, बारदाना, सफाई व्यवस्था सहित अन्य सभी समुचित व्यवस्थाओं का प्रबंध अवश्य हो। मंडी में किसानों को धूप से बचाने के लिए छांव आदि की व्यवस्था का उचित प्रबंध हो। उन्होंने किसानों से भी आह्वान किया कि वे मंडी में अपनी फसल सूखाकर लाएं ताकि उन्हें फसल बिक्री के लिए किसी परेशानी का सामना न करना पड़े।

इस अवसर पर एडीसी दीपक बाबूलाल करवा, कलायत एसडीएम अजय हुड्डा, गुहला एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह, डीएफएसई निशांत राठी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**तीन हजार 905 एमटी गेहूं की खरीद**

डीसी प्रीति ने बताया कि जिला में विभिन्न एजेंसियों द्वारा गत दिवस तक कुल तीन हजार 905 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद गई है। खाद्य एंव आपूर्ति विभाग द्वारा तीन हजार 86 मीट्रिक टन गेहूं तथा हैफेड द्वारा 679 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई। उन्होंने बताया कि चीका मंडी में दो हजार 579 मीट्रिक टन, कैथल पुरानी मंडी में 25 मीट्रिक टन, कैथल नई मंडी में 507 मीट्रिक टन तथा कैथल अतिरिक्त अनाज मंडी में 403 मीट्रिक टन, राजौंद मंडी में 140 मीट्रिक टन, सीवन मंडी में 251 मीट्रिक टन गेहूं खरीद की गई। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि मंडी में अपनी फसल को पूरी तरह से सुखाकर लाएं, ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं हो।

# एसडीएम ने चीका अनाज मंडी में गेहूं खरीद कार्य का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका



**गुहला चीका।** एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह अनाज मंडी का निरीक्षण करते हुए।

एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने चीका अनाज मंडी में गेहूं खरीद के कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने मंडी में आई हुई गेहूं की फसल की नमी को भी चेक किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मंडी में आने वाले हर किसान की गेहूं की नमी को चेक करने उपरांत ही खरीद करें। उन्होंने ऑनलाइन खरीद सिस्टम को भी चेक किया। उन्होंने कहा कि यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा अपनी ड्यूटी के प्रति लापरवाही बरती गई तो प्रशासन द्वारा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने कहा कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष मंडियों में अधिक गेहूं आने की उम्मीद है। उन्होंने किसानों से भी अनुरोध किया कि वह गेहूं की फसल को सुखाकर लाएं, ताकि उन्हें अपनी फसल बेचने में कोई दिक्कत न आए। सभी संबंधित अधिकारी मंडियों में बिजली, पानी, सफाई, शौचालय सहित अन्य आवश्यक प्रबंध बनाए रखे, ताकि किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। कहा कि सभी आढ़ती भी दुकानों पर अनाज साफ करने के बिजली चालित पंखे, सुरक्षा के लिए तिरपाल की पर्याप्त व्यवस्था रखें।

# सौंदर्यीकरण प्रतियोगिता में पूंडरी क्षेत्र के तीन विद्यालय रहे अव्वल

- विधायक सतपाल जांबा व अतिरिक्त उपायुक्त ने तीनों विद्यालयों के प्रधानाचार्यो को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद


**राजौंद।** पुंडरी हल्का विधायक सतपाल जांबा व अतिरिक्त उपायुक्त करोड़ा स्कूल के प्रधानाचार्य राजेश नैन को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

करोड़ा का राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ने मुख्यमंत्री स्कूल सौंदर्यकरण प्रोत्साहन योजना में कैथल जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने का गौरव हासिल किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ राजेश नैन ने इस उपलब्धि का श्रेय ग्राम सरपंच दिनेश कुमार, गांव की शिक्षा समिति और समस्त ग्राम करोड़ा को दिया है।इस योजना के तहत प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यालय को एक लाख की राशि प्रदान की जाती है, जो विद्यालय के विकास में सहायक होगी। पुंडरी हल्का विधायक सतपाल जांबा व अतिरिक्त उपायुक्त ने तीनों विद्यालयों के प्रधानाचार्यो को सम्मानित किया। इस अवसर पर पुंडरी हल्का विधायक का विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि यह योजना शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने और विद्यालयों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। प्रधानाचार्य डॉ राजेश नैन व स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान मुकेश कुमार ने कहा, यह उपलब्धि हमारे विद्यालय के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

# चौधरी ईश्वर सिंह कन्या कालेज की टीम ने जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी


**पूंडरी।** विजेता टीम के साथ प्राचार्या डा. अमिता।

चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय पुण्डरी की सॉफ्टबॉल टीम ने एक बार फिर से अंतर महाविद्यालय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। यह जानकारी देते शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्षा डा. प्रेमलता ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सौजन्य से नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के प्रांगण में 7-8 अप्रैल 2025 को आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों की टीमों ने हिस्सा लिया। नॉकआउट स्तर के मैचों के बाद लीग स्तर के मैच हुए, जिसमें चार टीमों ने क्वालीफाई किया। लीग मैचों में कन्यामहाविद्यालय पूडरी की टीम ने पहले मैच में एसएजैन अंबाला सिटी की टीम को 10-0 से हराया, दूसरे लीग मैच में आरकेएसडी कैथल की टीम को 11-3 से हराया तथा अंतिम लीग मैच में खालसा कॉलेज यमुनानगर की टीम को 11- 4 से हराकर प्रतियोगिता पर कब्जा किया। महाविद्यालय में पहुँचने पर प्राचार्या डा. अमिता ने टीम को बधाई दी, उनका मनोबल बढ़ाया तथा भविष्य में इसी तरह महाविद्यालय का नाम रोशन करने के लिए उत्साहित किया। इस अवसर पर प्रबंधन समिति के प्रधान चौधरी तेजवीर सिंह ने भी बच्चों को आशीर्वाद दिया।


**कैथल।** नशा न करने बारे आमजन को जागरूक करती पुलिस टीम।

### नशा तस्करों की असली जगह जेल, आमजन तस्करों की सूचना पुलिस को दे: डीएसपी कुलदीप बेनीवाल

**कैथल।** डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि एसपी राजेश कालिया द्वारा सभी थाना प्रबंधको व सीआईए पुलिस को निर्देश दिए हैं कि नशा तस्करी में संलिप्त लोगों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। पुलिस प्रशासन का उद्धेश्य कैथल जिला को नशा मुक्त बनाने का है। परंतु इस मुहिम में जन सहयोग की आवश्यकता है। आमजन बीना किसी डर भय के नशा तस्करों की सूचना पुलिस को दें, पुलिस द्वारा कार्रवाई करके तस्कर को सलाखों पीछे भेजा जाएगा। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। डीएसपी ने कहा कि एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार व होमगार्ड शमशेर सिंह की टीम गांव गांव जाकर विभिन्न प्रोग्राम आयोजित करके लगातार आमजन को नशा के दुष्प्रभाव बताते हुए नशा ना करने बारे जागरूक कर रही है। डीएसपी ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। नशा शौक से शुरू होकर मौत तक ले जाता है। इससे कई तरह की गंभीर बीमारियां होती है।

# आढ़ती एसोसिएशन ने मार्केट कमेटी के बाहर दिया धरना

- राइस मिलों में गेहूं की फसल गिराने की इजाजत दी जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका


**गुहला चीका।** गुहला चीका मार्केट कमेटी कार्यालय चीका के बाहर धरने पर बैठे आढ़ती।

मंडी आढ़ती ऐसोसिएशन चीका ने राइस मिलों में गेहूं गिरवाने की छूट देने को लेकर मार्केट कमेटी चीका कार्यालय के बाहर धरना शुरू कर दिया। धरने का नेतृत्व मंडी प्रधान कर्म चंद गर्ग ने किया। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए गर्ग ने कहा कि मंडी में गेहूं की आवक तेज हो गई है और एक-दो दिन में ही यहां की दोनों मंडियों के फड़ भर जाएंगे, ऐसे में किसानों को अपनी फसल शहर की सड़कों के इर्द-गिर्द कच्ची जगहों पर गिरानी पड़ेगी, जिससे जहां फसल खराब होगी, वहीं जाम जैसी स्थिति भी पैदा होगी। गर्ग ने कहा कि चीका में उनके अपने व जान पहचान वालों के दर्जनों राइस मिल हैं, जहां फसल के सुरक्षित रहने के साथ साथ उन्हें व किसानों को मंडी की अपेक्षा काफी सहूलियत रहती है नतीजतन उन्हें राइस मिलों में गेहूं की फसल गिराने की इजाजत दी जाए। मंडी के पूर्व प्रधान जय पाल गर्ग, राज जाखौली, कश्मीर गर्ग, सुनील मित्तल सहित सैकड़ों आढ़ती मौजूद रहे।


**ढांड।** एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर एकत्रित प्रबुद्ध वर्ग। फोटो :हरिभूमि

### एक राष्ट्र एक चुनाव देश हित में : पुनीत शर्मा

**ढांड।** सारस्वत ब्राहमण सभा के राष्ट्रीय युवा उपप्रधान एव भाजपा के सक्रिय सदस्य पुनीत शर्मा ने 'एक राष्ट्र एक चुनाव ' विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा की एक राष्ट्र एक चुनाव देश हित में है। एक राष्ट्र एक चुनाव से देश की प्रगति मे गति आयेगी, देश के संसाधान, ऊर्जा, समय, धन की बचत होगी। एक ही समय पर केंद्र ओर राज्य मे सरकार बनने से विकास कार्य तीवर्ता से होंगे ओर जनमानस को समय पर सरकार की योजनाओ का लाभ होगा। इससे पूर्व 1967 से पहले देश मे एक ही समय पर चुनाव होते थे। केंद्र ओर राज्य चुनाव मे लगभग 4 से 7 लाख करोड़ रुपए खर्च होते है। एक साथ चुनाव होने से लगभग 4.5 लाख करोड़ रुपए बचेंगे ओर जो पैसे बचेंगे वो देश हित मे लगेंगे। बार बार चुनाव होने से आचार सहिता लगती है जिसके कारण बहुत जनमानस के काम, योजनाएं अधर मे रह जाते है। प्रशासन, आद्यापक की चुनाव मे ड्यूटी लगने से पर्शाशनिक काम एवं बच्चों की शिक्षा तक प्रभावित होती है। बार बार चुनाव होने से लोगों की रुचि भी कम होने लगती है जिससे वोटिंग पर्सेंटेज पर भी असर पड़ रहा है।

### जाखौली स्कूल के प्रवक्ता ने लिया बेटी को गोद


**राजौंद।** गांव जाखौली में बेटी को गोद लेते हुए संदीप।

**राजौंद।** गांव जाखौली के आदर्श स्कूल के अकाउंटेंसी प्रवक्ता संदीप ने बेटी को गोद लेकर दी मानवता की अनूठी मिसाल। स्कूल प्रधानाचार्य ओमप्रकाश ने बताया की गांव जाखौली में बेटियों के प्रति प्रेम और समर्पण का उदाहरण पेश करते आदर्श सीसे स्कूल जाखौली के अकाउंटेंसी प्रवक्ता संदीप ने एक बच्ची को गोद लिया है। इस बच्ची का नाम उन्होंने सरृष्टि रखा है जो सृजन कोमलता और नवजीवन का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि संदीप का यह कदम न केवल उनकी मानवीय संवेदनाओं को दशार्ता है बल्कि समाज में बेटियों को समान अधिकार और सम्मान दिलाने की दिशा में भी एक प्रेरणादायक संदेश देता है। उन्होंने यह सिद्ध किया है कि परिवार खून से नहीं भावनाओं और जिम्मेदारी से बनते हैं। प्राचार्य ने संदीप के निर्णय की सराहना करते हुए कहा यह कार्य न केवल हमारे विद्यालय के लिए गर्व की बात है बल्कि समाज को भी बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच अपनाने की प्रेरणा देता है।

# भाजपा ने डा. रेखा शर्मा को राज्यसभा में भेजकर ब्राह्मणों का बढ़ाया मानः राजेश

- राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा के स्वागत में कार्यक्रम का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका


**गुहला चीका।** राज्यसभा सांसद डाक्टर रेखा रानी को स्मृति चिन्ह देते राजेश पिंटू व अन्य।

युवा भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व नपा चेयरपर्सन प्रतिनिधि एडवोकेट राजेश शर्मा पिंटू ने कहा कि भाजपा ने डाक्टर रेखा शर्मा को राज्यसभा में भेजकर ब्राह्मणों का जो मान व सम्मान किया है, उसका समूचा ब्राह्मण समाज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित भारतीय जनता पार्टी की समूची लीडरशिप का आभारी है। पिंटू गत देर सांय यहां के सुप्रसिद्ध भगवान परशुराम मंदिर में डाक्टर रेखा शर्मा के पहुंचने पर उनके स्वागत समारोह में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि डाक्टर रेखा शर्मा जिस प्रकार उनके छोटे से बुलावे पर मंदिर में आकर ना केवल कई घंटे का समय व्यतीत किया, बल्कि मंदिर के हर सदस्य से वे आदरपूर्वक मिली और उन्हें पार्टी में बढ़चढ़ कर काम करने का आह्वान भी किया। राजेश शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज ना केवल भारत में बल्कि समूचे विश्व की सबसे बड़ी व लोकतांत्रिक पार्टी बन गई है, जिसकी कई देशों में मिसालें भी दी जाती हैं। ब्राह्मण नेता ने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी का भी आभार जताया।


**कलायत।** कैथल हुडा सेक्टर 20 में पार्षद रेणू धानियां का भव्य अभिनंदन।

### पार्षद रेणू धानियां का कैथल में नागरिक अभिनंदन

**कलायत।** देश की आजादी के बाद कलायत नपा से पहली बार बेटी के रूप में पार्षद निर्वाचित हुई एमएससी छात्रा रेणू धानियां का कैथल में विभिन्न संगठनों ने पुरजोर अभिनंदन किया। हुडा सेक्टर 20 में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं व युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ राजनैतिक जागरूकता का संदेश दिया गया। राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो करनाल मंडल प्रधान जितेंद्र बंसल की अगुवाई में आयोजित इस कार्यक्रम में नव निर्वाचित पार्षद को सम्मान के पलक पर बैठाया गया। इस दौरान मुख्य रूप से राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र धानियां, सरदार जितेंद्र सिंह सांघण, रमन कौर, जिला उपायुक्त कार्यालय अधीक्षक शीला देवी, प्रवीण सरीन, रेखा रानी, महेश पाटिल, मोनिका सिंह, सुनीता रानी, सुधीर कुमार, नीलम धानियां, मधू, सुनील राठी, सोनियां और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। जितेंद्र बंसल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हरियाणा की धरती पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया गया। नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की इस सोच को मजबूत देने के लिए अब बहु-बेटियों की हर क्षेत्र में सक्रियता जरूरी है। बड़ा हर्ष का विषय है कि जिस कलायत की कभी शिक्षा की दृष्टि से मेवात के साथ गणना होती थी।

**हनुमान जन्मोत्सव पर विशेष-आज विश्व में हनुमान जी की सर्वाधिक पूजा-अर्चना**

# हनुमान जी समस्त दैवीय शक्तियों के शक्तिपुंजः पं. रविदत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी



**पूंडरी।** पं रविदत्त व प्राचीन हनुमान मंदिर पूंडरी में पूजा-अर्चना करता सोहनलाल।

पुण्डरी के प्रसिद्ध पंडित रविदत्त शास्त्री नें श्री हनुमान जी के बारे में बताते कहा कि श्री हनुमान जी भारतीय उपासना में सर्वाविद उपास्य है। जीवन की समस्त समस्याएं जिनकी कृपा से समाप्त हो जाती है, जीवन के समस्त संकट जिनकी कृपा से नष्ट हो जाते हैं ,अष्ट सिद्धियां नव निधियां जिनकी कृपा से प्राप्त हो जाती हैं ,जिनके पावन स्मरण से कायिक, वाचिक ,मानसिक ताप एवं आधि दैविक आधि भौतिक तथा आध्यात्मिक त्रिविध दुखों की निवृत्ति हो जाती है ऐसे श्री हनुमान जी महाराज समस्त साधकों के परम उपाध्याय है। श्री हनुमान जी समस्त दैवीय शक्तियों के शक्तिपुंज है इसीलिए हनुमान जी की आराधना से सब कुछ सुलभ है। हनुमान जी चिरंजीवी-अमर देवता है। भगवान श्रीराम का जहां जहां पावन नाम संकीर्तन होता है वहां हनुमान जी अवश्य विद्यमान रहते हैं।भक्ति के इतिहास में प्रभु श्री राम की जैसी भक्ति श्री हनुमान जी ने की है, वैसे किसी ने नहीं की है। इसलिए हनुमान भक्ति शिरोमणि है। आज संपूर्ण विश्व में हनुमान जी की सर्वाधिक पूजा-अर्चना की जाती है। जिस प्रकार राम का अवतार लोक शिक्षा एवं राक्षसों के विनाश के लिए हुआ था।

**हनुमान जी शंकर के अवतार थे**

पंडित रविदत्त शास्त्री नें बताया की श्री हनुमान जी रूद्र शंकर के अवतार हैं। शंकर जी ने वानर रूप क्यों धारण किया ,एक वृत्तांत में कहा गया है कि भगवान श्रीराम बाल्यकाल से ही सदा शिव की आराधना करते थे और भगवान शिव भी श्री राम को अपना परम उपास्य इष्ट देवता मानते है। साक्षात नारायण ने जब नर रूप धारण कर श्री राम के नाम से अवतार ग्रहण किया और शंकर जी शिव रूप में नर रूप की कैसे आराधना कर सकते थे। इसीलिए उन्होंने नर अवतार भगवान श्रीराम की उपासना की तीव्र लालसा को फलीभूत करने के लिए वानर अवतार धारण कर लिया और प्रेम में सेवक का रूप धारण कर उनकी सेवा करने के लिए अंजना मां के गर्भ से प्रकट हो गएद्य श्री हनुमान जी के बारे में कोई क्या लिख सकता है। उनके बारे में चिंतन किया जाने वाला प्रत्येक अंश मानव मात्र के लिए परम श्रेया कर है।

**हनुमान जी के स्मरण से सभी कष्ट दुविधाओं से छुटकारा : सोहनलाल**

**पूंडरी।** प्राचीन हनुमान मंदिर पूंडरी 12 अप्रैल चैत्र मास शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को दिन शनिवार को श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव प्राचीन हनुमान मंदिर पूंडरी में बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। जानकारी देते हुए मंदिर के पुजारी सोहनलाल ने बताया कि इस दिन प्रातः 10 बजे हवन होगा। जिसमे हनुमान जी का स्नान व श्रृंगार करवाया जाएगा, जो भक्त जन हनुमान जी का स्नान, श्रृंगार, उद्धापन करवाना चाहते हैं या करवा सकते हैं। उसके बाद हनुमान चालीसा, बजरंग बाण, हनुमान अष्टक का पाठ किया जाएगा। हवन के बाद प्रशाद का भोग लगाया जाएगा। पुजारी सोहनलाल नें बताया की हनुमान जी के स्मरण से केवल सभी कष्ट दुविधाओं से छुटकारा मिलता है।

**नीलामी सूचना**

**ग्राम पंचायत दिल्लुवाला ब्लॉक अलेवा जिला जीन्द।**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गांव दिल्लुवाला में दिनांक 25.04.2025 को महिला मंडल भवन में प्रातः 11 बजे सरेआम तालाबों की मछली पालन हेतु बोली ग्राम पंचायत दिल्लुवाला द्वारा करवाई जाएगी।

तालाब का विवरण निम्न प्रकार है।

1. छल्ला जोहडी वाला तालाब
2. कुम्हार दिनेवाला तालाब
3. दुनी वाला तालाब
4. कादड वाला तालाब

**नियम एवं शर्ते :-**

1. सिक्योरिटी राशि 50000/- रूपये जो कि मौके पर बोली से पहले पंचायत के पास जमा करवानी होगी।
2. बोली की पूर्ण फोटोग्राफी होगी एवं विडियोग्राफी करवाई जाए।
3. खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी अलेवा एवं ग्राम पंचायत दिल्लुवाला का फैसला अन्तिम होगा।
4. अन्य शर्ते मौके पर सुना दी जाएगी।
5. इच्छुक बोलीदाता मौके पर पहुंचकर बोली में भाग ले सकता है।

हस्ता/-
सुल्तान सिह बधाना
ग्राम सचिव दिल्लुवाला
मो. 9416496272

हस्ता/- अतेश सरोहा, सरपंच
ग्राम पंचायत दिल्लुवाला, खण्ड अलेवा
जिला जीन्द, हरियाणा
मो0-8607601611

## खबर संक्षेप

### चार कर्मी निलंबित करने का किया विरोध

**जींद।** एचएसईबी वर्कर्स यूनियन की बैठक सैक्टर 8 के 33केवी सब स्टेशन पर सर्कल सचिव राजेश आसन की अध्यक्षता में हुई। मंच का संचालन नरवाना यूनिट प्रधान राजबीर सिंह ढिल्लो ने किया। बैठक में चार कर्मचारियों को निलंबित करने की निंदा की गई। इसमें सुनील धीमान जेई, सुभाष जेई, रतनलाल एएलएम और दर्शनलाल एएफएम को राजनीतिक दबाव में आकर गलत तरीके से निलंबित किया गया है। जब तक इन चारों कर्मचारियों को रिवोक नहीं किया जाता, तब तक यूनियन पूरे सर्कल में कोई भी काम नहीं करेगी। इसके अलावा यदि किसी भी कर्मचारी पर कोई कार्रवाई की गई तो इसका विरोध किया जाएगा।

### नए कानूनों के विरोध में खाद-बीज की दुकानें बंद

**जींद ।** प्रदेश सरकार के नए सीड्स और पेस्टिसाइड एक्ट के विरोध में बीज व खाद के दुकानदार सरकार के खिलाफ उतरे हैं। गुरुवार को भी इनकी दुकानें बंद रही। दुकानदारों ने एकत्रित होकर सरकार के खिलाफ धरना देते हुए नारेबाजी कर रोष प्रकट किया। प्रदेश सरकार की ओर से पेस्टीसाइड को लेकर कानून में किए गए संशोधन के खिलाफ पेस्टीसाइड यूनियन हड़ताल पर है। पेस्टीसाइड दुकानदारों ने सात दिन तक दुकानें बंद रखकर प्रदेश सरकार के खिलाफ रोष जताने का ऐलान किया है। दुकानदारों ने कहा कि सरकार ने बीज व पेस्टीसाइड वालों के लिए जो कानून बनाया है, वह सरासर गलत है। बेचने वालों का इसमें कोई मामला नही बनता है। उसके विरोध में सात दिन बंद का ऐलान किया है।

### जमीन खरीद फरोख्त में 25 लाख ठगे, केस दर्ज

**कैथल ।** गुहला पुलिस ने जमीन की खरीद फरोख्त में 25 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने के आरोप में दो व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस संबंध में गांव उरलाना के गुरसेवक सिंह ने आरोप लगाया है कि गांव उरलाना के लखविंदर कौर और रेशम सिंह से जमीन खरीद के लिए 25 लाख की राशि बतौर बयाना के तौर पर दी थी। आरोप है कि जब वह 28 फरवरी को रजिस्ट्री करवाने के लिए गए । तो आरोपी वहां उपस्थित नहीं हुए तथा इस प्रकार से उनके साथ धोखाधड़ी की।

### शादी का झांसा देकर किशोरी को भगाया

**कैथल ।** किशोरी को शादी का जहां से देकर बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में तितरम पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। तितरम पुलिस थाना के तहत आने वाले गांव के एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 7 अप्रैल को दोपहर के समय गांव देवबन से कोई अज्ञात युवक उसकी बेटी को शादी का झांसा देकर अपने साथ बहला फुसला कर भाग ले गया उसने उनके आसपास तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला जांच अधिकारी एएसआई बबीता ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी दूसरे मामले में कलायत पुलिस को दी शिकायत में गांव चौशाला के एक व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि 1 अप्रैल को उसकी 17 वर्षीय बेटी बिना बताए घर से चली गई।

### सही सलामत सड़क पर लीपापोती कर करोड़ों ढकारने में जुटा विभाग

# सड़क की हालत पहले से ही दुरुस्त, फिर भी अचानक शुरू करवाया नवीनीकरण

15 किलोमीटर सड़क पर खर्च होंगे 14 करोड़ 20 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड



कैथल । किसान नेता राजीव आर्य ढांड पूंडरी मार्ग सडक के नवीनीकरण का मुआयना करते हुए फोटो : हरिभूमि

कस्बे में ढांड चौंक से पूंडरी को जोड़ने वाली सड़क जिसकी लंबाई करीब 15 किलोमीटर है जिस पर लगभग 14 करोड़ 20 लाख खर्च करके नवीनीकरण किया जा रहा है। ये नवीनीकरण इन दिनों इलाके में चर्चा का बड़ा मुद्दा बना हुआ है। सड़क की हालत पहले से ही दुरुस्त थी, फिर भी अचानक से शुरू हुए नवीनीकरण कार्य ने आम जनता को चौका दिया है। जहां एक ओर स्थानीय लोग इसे अनावश्यक खर्च बता रहे हैं, वहीं सवाल उठ रहे हैं कि एक तरफ तो जनता रोजाना टूटी सडकों पर हादसों का शिकार हो रही है, तो दूसरी तरफ लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली ने सबको चौंका दिया है।

विभाग ने हाल ही में एक ऐसी सडक पर करोड़ों रुपये का बजट खर्च कर दिया जो पहले से ही बेहतरीन हालत में थी। सडक पर एक भी गड्ढा नहीं था, किनारे साफ थे, और ट्रैफिक सुचारू रूप से चल रहा था। फिर भी इस पर नवीनीकरण के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। जहां क्षेत्र में कई सडकें ऐसी हैं जिनकी हालत इतनी खराब है कि वहां वाहन क्या पैदल चलना भी जोखिम भरा है। इन जर्जर सडकों पर न तो विभाग का ध्यान जा रहा है, ना ही प्रशासन का। चमचमाती सडक पर काम शुरू होते ही स्थानीय लोगों में गुस्सा फैल गया। जब आम जन ने देखा कि जिस सडक पर पहले से ही सुगमता से आवाजाही हो रही है, वहां एकाएक नवीनीकरण शुरू हो गया, तो सवाल उठना लाजमी था। युवा भाकियू प्रदेशाध्यक्ष हरियाणा राजीव आर्य ने मौके पर जाकर सडक नवीनीकरण कार्य का मुआयना करते हुए कहा कि क्षेत्रवासी पिछले कहीं महिनों से बाबा बिहारी दास चौंक से अग्रसेन चौंक तक की मुख्य सडक (जो कैथल कुरुक्षेत्र ढांड रोड के नाम से भी जाना जाता है) जिस पर मुख्य बाजार, बैंक व अनाज मंडी लगती है, लेकिन उस सडक पर गड्ढे ही नजर आ रहे हैं।

जिस कारण उसकी हालात ऐसी है कि वाहन चलाना तो दूर पैदल चलना भी आसान नहीं रह गया। जिसको लेकर प्रशासन से गुहार लगा रहे हैं। किसान नेता राजीव आर्य ढांड ने कहा कि उक्त मार्ग पर प्रतिदिन कोई न कोई हादसे का शिकार हो रहा है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं और यहां देखिए, जहां सडक में एक खरोंच तक नहीं, वहां करोड़ों खर्च कर दिए। युवा भाकियू प्रदेशाध्यक्ष राजीव आर्य ने कहा कि अगर यही पैसा उन सडकों पर खर्च होता जहां जान को खतरा है, तो जनता के लिए आवाजाही के सुगम रास्ता बनता जिस से जनता की सेवा होती। लेकिन अफसोस, यहां तो सिर्फ आंकड़ों की सेवा हो रही है। स्थानीय निवासियों और जनप्रतिनिधियों की स्पष्ट मांग है कि सडक निर्माण और मरम्मत के कार्य वास्तविक जरूरत के आधार पर तय किए जाएं, न कि केवल तकनीकी या औपचारिकताओं के नाम पर। साथ ही ऐसी योजनाओं की निगरानी होनी चाहिए।

#### हलके में होगा सभी सडकों का निर्माण

सडक नवीनीकरण का कार्य का उद्घाटन गत 4 अप्रैल को हलका विधायक सतपाल जांबा ने ढांड पंचमुखी चौंक पर किया था। जहां पर विधायक सतपाल जांबा से जब पत्रकारों ने सवाल किया कि जब सडक सही हालत में है तो मरम्मत की क्या जरूरत तो उन्होंने जवाब दिया, इस सडक का निर्माण वर्ष 2018 में हुआ था तो तकनीकी तौर पर नवीनीकरण आवश्यक था। उन्होंने कहा कि हल्के की सभी सडकों का निर्माण करवाया जाएगा, जिसके लिए वे प्रयासरत हैं। आने वाले कुछ महीनों में हल्के की कोई भी सडक टूटी हुई नहीं मिलेगी। अब लेकिन सवाल ये उठता है कि क्या कुछ वर्ष पहले बनी अच्छी सडकों पर ही पैसा खर्च किया जाएगा? क्या विभाग के लिए सडकों की वास्तविक हालत कोई मायने नहीं रखती?

#### सडक की मजबूती के लिए किया जा रहा है

एसडीओ रविंद्र कुमार ने बताया कि यह सडक वर्ष 2018 में बनाई गई थी। बीते वर्षों में सडक पर वाहन दबाव के कारण सतह पर हल्की टूट-फूट और दरारें आ गई थीं। इन्हीं कारणों से सडक का नवीनीकरण आवश्यक हो गया था। एस.डी.ओ. ने बताया कि सडक की पूरी संरचना को नहीं बदला जा रहा है, बल्कि केवल इसकी ऊपरी सतह को फिर से मजबूत और टिकाऊ बनाने के लिए 30 मि.मी. मोटाई की बिटुमिनस कंक्रीट (बी.सी.) की लेयर डाली जा रही है। समय-समय पर इस प्रकार का नवीनीकरण आवश्यक होता है, जिससे सडकें लम्बे समय तक सुरक्षित बनी रहें और आमजन को यात्रा में कोई असुविधा न हो। विभाग द्वारा सभी तकनीकी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए कार्य को शीघ्रता और गुणवत्ता के साथ पूरा करने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं।

# भुसलाना कलयुगी बेटे ने माता और पिता को पीटा

- पीड़ित बुजुर्ग दंपति को ग्रामीणों ने अस्पतला में भर्ती करवाया

हरिभूमि न्यूज. ▶▶| सफीदों



सफीदो । थाने में अपनी दास्तां सुनाते हुए बुजुर्ग सीना शेख व उनकी पत्नी

सफीदों उपमंडल के गांव भुसलाना में देर रात उस वक्त हैवानियत की हदें पार हो गई जब एक कलयुगी बेटे ने अपने जन्मदाता माता-पिता को बेहरमी से पीट डाला। इस घटना की एक वीडियो भी वायरल हो रही है। वीडियो को देखकर हर किसी की आम्त्मा त्राहि-त्राहि कर रही है। हर कोई इसकी भ्रत्सना कर रहा है और बेटे के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहा है। रात में पीड़ित बुजुर्ग दंपत्ति को ग्रामीण नागरिक अस्पताल में लेकर आए। डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार देकर दोनों को पीजीआई रैफर कर दिया। वहीं बुजुर्ग दंपत्ति ने अपने बेटे और बहु के साथ-साथ उसके ससुराल वालों की शिकायत सफीदों सदर थाना में दी है। सदर थाना परिसर में बुजुर्गों के ऊपर हुए जुल्म की दास्तान उनके शरीर पर पड़े लील, घाव व खून के निशान साफ-साफ ब्यां कर रहे थे। पीड़ित बुजुर्ग सीना शेख व उसकी पत्नी रोशनी ने रोते हुए बताया कि उसके दो बेटे हैं। उसके बड़े बेटे की बीमारी के चलते मौत हो गई और उसके बाद बहु की भी मौत हो गई थी। उसके बेटे की बीमारी पर आए लाखों रुपये का खर्च उन्होंने किया था।

अपने बड़े बेटे के बच्चों की परवरिश भी वे खुद कर रहे हैं। उसके बाद से उसका छोटा बेटा कलीम व उसकी पत्नी उनको बंटवारे को लेकर लगातार प्रताड़ित कर रहे हैं। उन्होंने झगड़े को शांत करने को लेकर मकान का आधा हिस्सा उनके नाम पर करवा दिया। उसके बाद वे जमीन में भी आधे हिस्से की मांग कर रहे है लेकिन वे उन्हे तीसरा हिस्सा देना चाहते हैं

क्योंकि बड़े बेटे के बच्चों की जिम्मेदारी भी उनके ऊपर है। अगर कल को उसका छोटा बेटा व बड़े बेटे के बच्चे उनके साथ धोखा कर गए तो वे कहां पर जाएंगे। अपनी जिंदगी को सही से गुजारने के लिए वे एक हिस्सा अपने पास रखना चाहते हैं। जिसको लेकर उसका छोटा बेटा कलीम व उसकी पत्नी कई बार उनके साथ झगड़ा व मारपीट कर चुके हैं।


#### वर्जन

सदर थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार का कहना है कि शिकायत प्राप्त हो गई है और जांच करके आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# 78 खेल नर्सरियां संवारेंगी बच्चों का भविष्य

- सरकार ने जिले में खेलों के लिए दिए 1 करोड 30 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल । पूर्व विधायक लीला राम पत्रकारों से बातचीत करते हुए फोटो : हरिभूमि

पूर्व विधायक लीला राम ने अपने निवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि आज हरियाणा प्रदेश हर दृष्टि से विकास के मामले में भारतवर्ष में सबसे आगे चल रहा है। लीलाराम ने कहा कि हरियाणा में खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार की खेल नीतियों के दृष्टिगत हरियाणा में 868 खेल नर्सरी दी गई है। जिसमें कैथल जिले में 78 खेल नर्सरियां दी है। लीलाराम ने कहा कि इतनी मात्रा में खेल नर्सरी मिलना कैथल जिले के लिए बहुत ही गौरव की बात है क्योंकि इससे बच्चों का शारीरिक विकास होगा और गाँव स्तर पर जिन बच्चों में प्रतिभा छिपी हुई है उनको निखार करके राष्ट्रीय पटल पर लाया जाएगा।

#### पहले नहीं दिया ध्यान

पूर्व की सरकारों ने कभी भी इस नीति पर काम नहीं किया कि जो अंतिम व्यक्ति है उसको मुख्यधारा में कैसे लाया जाए , वो केवल भाजपा की नीति है। भाजपा सरकार ने गांव के अंतिम व्यक्ति को मुख्यधारा में लाने के लिए गरीब बच्चों को खेलों में आगे लाने के लिए खेल नर्सरियों की व्यवस्था की है। और इतने बड़े स्तर पर खेल नर्सरियां देकर के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बहुत बड़ा दिल दिखाया दिखाया है। लीलाराम ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब श्रेणी दिन प्रतिदिन हरियाणा प्रदेशवासियों के लिए ऐसे काम कर रहे हैं कि विपक्ष के लोग कुछ भी नहीं बोल पा रहे हैं आखिर विरोध करें भी तो किस चीज का विरोध करें? क्योंकि विरोध करने के लिए मुख्यमंत्री ने कुछ नहीं छोड़ा है।

#### सीएम के सभी कायल

प्रदेश का बच्चा बच्चा मुख्यमंत्री नैयब सैनी के काम का कायल है। उनका मृदुभाषी स्वभाव मिलने का जज्बा देखने लायक है। यही कारण है कि आज पूरे भारत वर्ष खेलों में हरियाणा नंबर एक पर है। इस मौके पर सहायक शिक्षा अधिकारी खेल रमेश चहल ने बताया कि यह प्रदेश सरकार की अच्छी पहल है कि कैथल जिले के लिए गौरव की बात है कि इतनी सारी खेल नर्सरियां मिली है जिससे खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारा जाएगा और बच्चों को राष्ट्रीय पटल पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा।

### मौके पर गेहूं में नमी की मात्रा जांची

# गेहूं की खरीद शुरू नहीं, सीएम फ्लाइंग की मंडी में दस्तक

- आढ़तियों व मंडी प्रशासन से पूछे खरीद न होने के कारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्रदेश भर की मंडियों में गेहूं खरीद शुरू होने के बाद जींद की अनाज मंडी में खरीद शुरू नहीं होने के मामले को सीएम फ्लाइंग ने गंभीरता से लिया। वीरवार को सीएम फ्लाइंग डीएसपी अनाज मंडी पहुंचे व मंडी प्रधान व हेफेड के कर्मचारियों से बातचीत कर खरीद शुरू करवाने को कहाए लेकिन मंडी प्रशासन व प्रधान ने गेहूं में नमी होने का हवाला देकर खरीद को आगामी दो दिन तक शुरू नहीं करने का हवाला दिया। सीएम फ्लाइंग डीएसपी पवन शर्मा के नेतृत्व में एसआई चरण सिंह व बिजेंद्र सिंह एक आढ़ती की दुकान पर पहुंचे तथा अधिकारियों ने मौके पर दुकान में ही गेहूं का सैंपल मंगवाकर नमी मापक से जांच की तो नमी की मात्रा साढ़े 13 प्रतिशत आई। सीएम फ्लाइंग ने नई अनाज मंडी साथ लगते दो धर्मकांटों पर पहुंची और वहां पर जांच की।

#### मंडी के गेट पर धर्मकांटा नहीं होने से बाहर लगा रहता है जाम

मंडी के गेट पर धर्मकांटा नहीं चलने के कारण मंडी के बाहर सड़क के किनारे लगे धर्मकांटे पर वजन करवाने के लिए ट्रैक्टर व ट्रकों की बाहर भीड़ लगी रहता है। इसके कारण मंडी से बाहर निकलने का एक तरफ का रास्ता पूरी तरह से बंद रहता है। इस पर ट्रैक्टर चालक गलत दिशा में आकर जाम लगाते हैं। वीरवार को भी आधा घंटा तक जाम के हालात मंडी के बाहर रहे।

### हर हिंदू दंपत्ति कम से कम तीन बच्चे पैदा करें : अरविंद शर्मा

**सफीदों ।** विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष अरविंद शर्मा ने प्रैरस को जारी ब्यान में कहा कि हर हिंदू दंपत्ति को कम से कम तीन बच्चे पैदा करने चाहिए। इस कार्य के लिए हिंदू समाज को जागरूकता करने की आवश्यकता है। इस आशय को लेकर विश्व हिंदू परिषद ने देशभर में एक राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान शुरू किया है। इस अभियान का उद्देश्य हिंदू समाज को आने वाली चुनौतियों के प्रति जागरूक करना और उन्हे एक मजबूत व संगठित भविष्य की ओर बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि यदि हम अपने समाज की रक्षा व अपनी संस्कृति को आगे बढ़ाना चाहते हैं, तो हमें इस दिशा में सोचना ही होगा। आज प्रायः यह देखा जा रहा है कि कई परिवार एक ही संतान तक सीमित रह जाते हैं, जबकि अन्य समुदाय तेजी से जनसंख्या को बढ़ा रहे हैं।

### नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में खुशी

# चेयरमैन संजय जांगड़ा व संग्राम सिंह बने मेंटेनेंस ट्रिब्यूनल सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना



चेयरमैन डा. संजय जांगड़ा



संग्राम सिंह राणा, भाजपा नेता।

जुलाना कस्बे की नगर पालिका के भाजपा से नवचयनित चेयरमैन डा. संजय जांगड़ा और भाजपा नेता संग्राम सिंह को प्रदेश सरकार ने मेंटेनेंस ट्रिब्यूनल सदस्य बनाया है। इस मौके पर दोनों नेताओं ने भाजपा शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए कहा कि सरकार ने जो जिम्मेवारी उन्हें सौंपी है, वो उस पर खरा उतरते हुए अपने कर्तव्य का पालन करेंगे। भाजपा नेता संग्राम सिंह वकील ने बताया कि जुलाना ग्रामीण क्षेत्र है और ना बराबर लोगों को इस कानून और ट्रिब्यूनल की जानकारी होगी लेकिन ये समाज के लिए बहुत जरूरी कानून है। आम जनता को इस कानून व ट्रिब्यूनल के बारे में जानकारी होना जरूरी है। अगर आम भाषा में कहा जाए तो यह कानून उन गैर जिम्मेदार युवाओं के लिए है जो अपने मां बाप व बुजुर्गों का किसी भी कारण तिरस्कार कर देते हैं। उन्हें भूखा मरने के लिए मजबूर कर देते हैं और इसी कारण उन युवाओं के खिलाफ मां, बाप व बुजुर्गों की भलाई के लिए ये कानून बनाया गया है ताकि उन औलादों से मां व बाप व बुजर्गो का भरण पोषण करवाया जा सके। इस कानून के तहत हर डिवीजन पर मेंटेनेंस ट्रिब्यूनल का गठन होता है और जुलाना डिवीजन के लिए ट्रिब्यूनल मे जुलाना के एसडीएम को चेयरमैन व दो सदस्य संग्राम सिंह वकील व नगरपालिका के चेयरमैन डा. संजय को नियुक्त किया गया है। इस ट्रिब्यूनल को कानून के तहत एक खास शक्ति है कि जो बालिग बच्चे अपने मां, बाप या बुजर्गो के जीते जी उनकी जमीन, मकान या अन्य चल या अचल संपत्ति अपने नाम करा कर उनसे मतलब निकलने के बाद उन्हें त्याग देते हैं या अपने मां व बाप को घर से निकाल देते हैं या भूखे मरने के लिए मजबूर कर देते हैं।

# महिलाओं के लिए करियर मार्गदर्शन कार्यशाला

- अर्थशास्त्र की अग्रणी महिलाओं के लिए आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड



ढांड । प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल के साथ कार्यशाला में उपस्थित छात्राएं व अधिकारी

बाबू अनंत राम जनता महाविद्यालय, कौल में कैरियर मार्गदर्शन एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ तथा अर्थशास्त्र विभाग द्वारा चार दिवसीय कार्यशाला विषय अर्थशास्त्र के क्षेत्र में अग्रणी महिलाएं एवं करियर मार्गदर्शन का आयोजन प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल की अध्यक्षता में हुआ। संयोजन डॉ. अमनदीप कौर ने किया। अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक संघ द्वारा वित्तपोषित परियोजना के तहत डॉ. आकांक्षा दिल्ली विश्वविद्यालय और डॉ. भारती आईजीआईडीआर के नेतृत्व में किया गया हैं। कार्यशाला का उद्देश्य देश में महिलाओं की अर्थशास्त्र के क्षेत्र में करियर मार्गदर्शन,चुनौतियों का समाधान करना और उनके कल्याण को बढ़ावा देना है।कार्यशाला में मेघा सहायक शोधकर्ता के द्वारा विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया कि किस प्रकार महिलाए अर्थशास्त्र को करियर मार्गदर्शन और आर्थिक सशक्तिकरण से जोड़कर आगे बढ़ाने से अर्थव्यवस्था को फायदा होता है। इसके लिए,शिक्षा,कौशल विकास और रोजगार के अवसरों में वृद्धि करनी होगी,साथ ही लैंगिक अंतर को कम करना होगा।

प्रथम दिन अंजना तंवर आईएएस अधिकारी ने यह बताया गया कि आमतौर पर ग्रामीण भारत की महिलाएं चुनौतियों के दो व्यापक स्तरों पर जूझती हैं। पहला,आत्मविश्वास की कमी को लेकर और दूसरे,धारणाओं से लड़ने का दबाव से अच्छे से निपट सकते हैं। जैनिका जैन और संध्या बिश्नोई ने यह बताया गया कि महिलाओं के लिए स्वतंत्र वातावरण बनाने के अलावा वित्तीय सुरक्षा हासिल करने के लिए उन्हें शिक्षित करना भी उतना ही आवश्यक है। समावेशी विकास को लेकर सरकारी सुधारों से अब खाते में न्यूनतम धन रखने की आवश्यकता, बीमा व संपत्ति में निवेश की जानकारी दी।

### गांव से शहर जाकर रेहड़ी लगाने को मजबूर दिव्यांग

# दिव्यांग सतविंद्र का बीपीएल कार्ड काटा, नहीं मिल रही पेंशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों



सफीदों । अपनी रेहड़ी में सब्जी बेचने सफीदों आया सतविंद्र। फोटो : हरिभूमि

सफीदों उपमंडल के गांव सरनाखेड़ी के 35 वर्षीय गरीब दिव्यांग युवा सतविंद्र को ना तो सरकार की तरफ दिव्यांगता पैंशन और ना ही बीपीएल राशन कार्ड का लाभ प्राप्त हो रहा है। गरीबी से परेशान सतविंद्र गांव से सफीदों आकर रेहड़ी में सब्जी बेचने को मजबूर हैं।

सफीदों उपमंडल के गांव सरनाखेड़ी का युवक सतविंद्र गरीबी व दिव्यांगता से परेशान होकर तपती धूप में रेहड़ी पर सफीदों की गलियों में फेरी लगाकर सब्जी बेचकर अपने परिवार का किसी तरह से गुजर बसर करते हुए जिंदगी से संघर्ष कर रहा है। पहले तो वह सफीदों आकर रेहढ़ी किराए पर लेता है और उसके बाद सब्जी मंडी से पांच सौ रुपए की सब्जी खरीदकर के शाम तक सौ डेढ़ सौ रुपए कमाकर वह किसी तरह से जिंदगी की गाड़ी खींच रहा है।

कई बार तो सब्जी का ग्राहक ना मिलने के कारण उसे खाली हाथ भी गांव लौटना पड़ता है और बची हुई सब्जी का नुकसान अलग से होता है। सतविंद्र ने बताया कि उसका एक हाथ बचपन से ही खराब है। पिछड़ी जाति से संबंधित होने के बावजूद उसकी दिव्यांग पैंशन तो दूर, उसका गरीबी रेखा का राशनकार्ड तक भी नहीं बना हुआ है। उसका कहना है कि समाज में बहुत से ऐसे लोग है, जिनके पास तमाम बुनियादी सुविधाओं के अलावा अन्य ऐशो आराम के सभी साधन होने के बावजूद उनके बीपीएल राशनकार्ड भी बने हुए हैं और उसकी राशन कार्ड की बदौलत सरकार की तमाम सुविधाओं को प्राप्त कर रहे हैं। परंतु दिव्यांगता, गरीबी व बेरोजगार होने पर भी उसे पैंशन, नौकरी व राशन कार्ड समेत अन्य सरकारी सुविधाओं से वंचित जा रहा है।

#### कुछ वर्षों से रेहड़ी लगाकर कर रहा अपना गुजारा

उसने बताया कि पिछले कई वर्षों से यह इसी रेहड़ी के माध्यम से अपना गुजर बसर कर रहा है। पहले उसका बीपीएल राशनकार्ड था। जिसे काटकर अब उसको अमीरों की श्रेणी में शामिल कर दिया गया हैं। उसने सरकार व सरकार से प्रश्न किया कि जो कर्मचारी घर-घर जाकर गरीब परिवारों का सर्वे करते हैं उनको उसके घर में ऐसा क्या देख लिया कि उसका बीपीएल कार्ड काट दिया गया। वे अपने बीपीएल कार्ड व दिव्यांगता पेंशन के अधिकारियों के चक्कर काट चुका है लेकिन आज तक किसी ने कहीं उसकी सुनवाई नहीं की।

# सिल्लाखेड़ी में हत्या का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

- शादी समारोह के दौरान हुए विवाद के बाद चोट मारकर की थी हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

थाना सदर सफीदों के अंतर्गत गांव सिल्लाखेड़ी में झगडे के दौरान चोट मारकर हत्या करने के दूसरे आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान मोनू निवासी गांव सिल्लाखेड़ी के रूप में हुई है। इस मामले के मुख्य आरोपित सोमबीर उर्फ सोनू निवासी गांव सिल्लाखेड़ी को गिरफ्तार कर लिया था। 8 फरवरी की रात मुनीष को मृत अवस्था में नागरिक अस्पताल सफीदों लाया गया है। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर पहुंच कर इस मामले में राकेश कुमार निवासी गांव जामनी का ब्यान अंकित किया। मृतक के बड़े भाई राकेश कुमार ने बताया कि उसका सबसे बड़ा भाई मनीष कुमार रेलवे में सिल्लाखेड़ी गांव में गेटमैन की नौकरी करता था। हर रोज की तरह सात फरवरी की शाम के समय करीब चार बजे अपनी ड्यूटी के लिए घर से आया था। उन्हें रात्रि में सूचना मिली थी कि उसके भाई की लाश सफीदों अस्पताल में रखी हुई है। जहां पहुंचने पर उसके सिर में पीछे की तरफ चोट लगी हुई है। उन्हे पता चला कि मुनीष शादी में आमंत्रित था। डीजे पर नाचने गाने के दौरान हुए झगडे में किसी ने चोट मारकर उसकी हत्या की थी।